

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
1st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 27 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 27 सितंबर का इतिहास

- **1958 :** मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को पार करने वाले पहले भारतीय बने।
- **1998 :** इंटरनेट सर्च इंजन गूगल की स्थापना हुई।
- **2009 :** भारत-पाक के विदेश मंत्रियों की बातचीत शुरू हुई।
- **1760 :** मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।
- **1905 :** महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आंइस्टीन ने $E=mc^2$ का सिद्धांत पेश किया।
- **1833 :** समाज सुधारक राममोहन राय का निधन हुआ।

## 27 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण संविधान पीठ के मामलों में अपनी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीम करने का निर्णय लिया, जिसकी सुनवाई 27 सितंबर 2022 से होगी। लाइव स्ट्रीमिंग को भारत के मुख्य न्यायाधीश की पीठ और केवल संविधान पीठ के मामलों में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पेश किया जाना चाहिए। महान्यायवादी ने अपनी सिफारिश के समर्थन में न्यायालयों की भीड़ को कम करने और वादियों के लिये न्यायालयों तक बेहतर भौतिक पहुंच का हवाला दिया, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय तक आने के लिये अन्यथा लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ती है।
- रक्षा मंत्रालय ने बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर सत्रह लाख, रक्षा पेंशनभोगियों को कवर करने के लिए पेंशन प्रशासन की प्रणाली स्पर्श पहल के तहत हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार के अनुसार इस महीने के अंत तक कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 17 लाख पेंशनभोगियों को स्पर्श के साथ जोड़ा जाएगा। शेष पेंशनभोगियों को जल्द से जल्द स्पर्श के तहत लाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि एमओयू 14,000 से अधिक बैंक शाखाओं को सेवा केंद्रों के रूप में शामिल करेगा ताकि पेंशनभोगियों को प्रोफाइल अपडेट अनुरोध करने, शिकायत दर्ज करने और निवारण प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी माध्यम प्रदान किया जा सके।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कृषि अवसंरचना कोष योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बीच अभिसरण/कन्वर्जेंस मॉड्यूल लॉन्च किया है। AIF, PMFME और PMKSY के तहत लाभार्थियों को अधिकतम लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से एक मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की गई थी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रलाय के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने संयुक्त रूप से कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लाभों को बेहतर ढंग से प्राप्त करने के लिये एक अभिसरण पोर्टल लॉन्च किया।
- AI की नैतिकता पर यूनेस्को का वैश्विक समझौता सरकारों और कंपनियों का समान रूप से मार्गदर्शन कर सकता है।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन 27 सितंबर को अपनी पहली वर्षगांठ मनाएगा।
- केंद्र सरकार ने फार्मा मार्केटिंग प्रैक्टिस की समीक्षा के लिए 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति फार्मास्युटिकल फर्मो की मार्केटिंग प्रैक्टिस को विनियमित करने हेतु मानूनी रूप से लागू करने योग्य तंत्र पर विचार करेगी। समिति द्वारा 90 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद है। नीति आयोग के सदस्य वी.के. पॉल इस समिति की अध्यक्षता करेंगे।
- कैबिनेट ने भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी दी। सरकार सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने के लिए संशोधित कार्यक्रम के तहत परियोजना लागत के 50 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। संशोधित कार्यक्रम के तहत कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स/सेंसर/डिस्क्रिट सेमीकंडक्टर्स फैब और एटीएमपी/ओएसएटी की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय के 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- उच्च मुद्रास्फीति और मोनेटरी सख्ती के कारण एशियाई विकास बैंक ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान कम किया। 2022-23 की पहली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 13.5% की वृद्धि हुई है, जो सेवाओं में मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एशियाई विकास बैंक ने 7.2% की वृद्धि का अनुमान लगाया है। एशियाई विकास बैंक ने भविष्यवाणी की है कि कीमतों के दबाव से घरेलू खपत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ओर तेल की ऊंची कीमतों से शुद्ध निर्यात में कमी जाएगी।
- यूनेस्को ने 2022 भारत के लिए शिक्षा स्थिति की रिपोर्ट जारी की। यूनेस्को ने 2022 भारत के लिए शिक्षा स्थिति की रिपोर्ट शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जारी की। यह वार्षिक रिपोर्ट का चौथा संस्करण है। रिपोर्ट को यूनेस्को नई दिल्ली कार्यालय के मार्गदर्शन में शोधकर्ताओं की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा विकसित किया गया है। रिपोर्ट में भारतीय शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों का उल्लेख किया गया है जिन्हें एआई द्वारा हल किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व पर्यटन दिवस (World Tourims Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 27 सितंबर (B) 28 सितंबर
(C) 29 सितंबर (D) 30 सितंबर

**(A)** हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। साल 1980 से ही विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। विश्व पर्यटन दिवस 2022 की थीम-पर्यटन पर पुनर्विचार है। 27 सितंबर 1970 वो दिन था जब यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। यह तारीख उस वर्षगांठ का प्रतीक है जब UNWTO के कानूनों को अपनाना वैश्विक पर्यटन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर माना गया था।




**2. महिला एशिया कप क्रिकेट 2022 की मेजबानी कौनसा देश करेगा ?**

(A) भारत (B) श्रीलंका
(C) बांग्लादेश (D) संयुक्त अरब अमीरात

**(C)** महिला क्रिकेट एशिया कप 2022, 1 अक्टूबर 2022 से शुरू होने वाला है। और इसमें सात टीमें भाग लेंगी। बांग्लादेश महिला एशिया कप 2022 की मेजबानी करेगा और यह मैच सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा और अपना पहला मैच 1 अक्टूबर 2022 को खेलेगा।



**3. ICC द्वारा किए गए बदलावों के अनुसार वनडे और टेस्ट में एक बल्लेबाज को गेंद का सामना करने के लिए कितने समय के अंदर तैयार होना होगा ?**

(A) 1 मिनट (B) 2 मिनट
(C) 3 मिनट (D) 4 मिनट

**(B)** ICC के नए नियमों के अनुसार अब खिलाड़ियों को वनडे और टेस्ट में 2 मिनट के अंदर स्ट्राइक पर गेंद खेलने के लिए तैयार होना होगा। पहले यह नियम केवल टी-20 में था, जिसमें खिलाड़ियों को 90 सेकेंड के अंदर स्ट्राइक ले लेनी होती थी, लेकिन अब 2 मिनट नियम से इसे वनडे और टेस्ट में भी लागू कर दिया गया है।



**4. मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए ब्रांड एंबेसडर कौन बने है ?**

(A) रितिका सजदेह (B) रोहित शर्मा
(C) A व B दोनों (D) विराट कोहली

**(C)** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने क्रिकेटर रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। रोहित शर्मा और रितिका सजदेह के साथ दो साल की लंबी ब्रांड साझेदारी का मकसद मैक्स लाइफ को इन प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी साख बढ़ाने में मदद करना है।



**5. उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल के लिए किस देश ने UN इंटरएजेंसी टास्क फोर्स और WHO प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पुरस्कार 2022 जीता है ?**

(A) भारत (B) जर्मनी
(C) जापान (D) ईरान

**(A)** भारत ने इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनिशिएटिव पहल के लिए UN इंटरएजेंसी टास्क फोर्स और संयुक्त राष्ट्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पुरस्कार 2022 जीता है। भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल 2017 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य रक्तचाप में वृद्धि के प्रसार में सापेक्षिक रूप से 25 प्रतिशत की कमी लाने के लक्ष्य को हासिल करना है।



**6. भारतीय नौसेना के लिए दो स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल्स (निस्तार और निपुण) को लॉन्च किया गया है, इन डाइविंग सपोर्ट वेसल्स का निर्माण किस कंपनी ने किया है?**

(A) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम

(B) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई

(C) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद

(D) ड्रेजिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया, विशाखापत्तनम

**(A)** डाइविंग सपोर्ट वेसल्स निस्तार और निपुण पहली तरह के जहाज हैं, जिन्हें भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन ओर निर्मित किया गया है। यह जहाज 118.4 मीटर लंबे एवं सर्वाधिक चौड़ाई वाले स्थान पर 22.8 मीटर चौड़े हैं और इनकी विस्थापन क्षमता 9350 टन होगी।



**7. पीएम-प्रणाम योजना किससे संबंधित है ?**

(A) योग (B) उर्वरक

(C) परमाणु ऊर्जा (D) मार्शल आर्ट

**(B)** रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए सरकार पीएम प्रणाम योजना शुरू करने की योजना बना रही है। पीएम प्रणाम का पूरा नाम कृषि प्रबंधन हेतु वैकल्पिक पोषक तत्वों का संवर्द्धन है। यह योजना उन राज्यों को प्रोत्साहित करेगी जो कम मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करते हैं। इसमें पिछले तीन वर्षो में राज्य द्वारा उपयोग किए जाने वाले उर्वरकों की औसत मात्रा को मापा जाएगा।




**8. भारत ओर किस देश के तटरक्षक बल के बीच अभ्यास 01/22 नामक संयुक्त अभ्यास आयोजित हुआ है ?**

(A) अमेरिका (B) जापान

(C) बांग्लादेश (D) ताइवान

**(A)** यह अभ्यास तटरक्षक बलों को एक-दूसरे की क्षमताओं से परिचित कराने और समुद्री खोज और बचाव, बोर्डिंग संचालन और अन्य समुद्री कानून प्रवर्तन कर्तव्यों के क्षेत्र में अंतर-संचालन को बढ़ाने की दिशा में उनके कार्य स्तर के संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित था।



**9. ग्लोबल एविडेंस रिव्यू ऑन हेल्थ एंड माइग्रेशन सीरीज किससे संबंधित है ?**

(A) विश्व आर्थिक मंच (B) प्रवासन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन

(C) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (D) विश्व स्वास्थ्य संगठन

**(D)** हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल एविडेंस रिव्यू ऑन हेल्थ एंड माइग्रेशन सीरीज जारी की गई। इस सीरीज में इस बात पर जोर दिया गया है कि शरणार्थियों और प्रवासियों हेतु एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध से निपटने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं की समान पहुंच आवश्यक है।




**10. रेलवे सुरक्षा बल को किस वर्ष संघ के एक सशस्त्र बल का दर्जा मिला ?**

(A) 1984 (B) 1985

(C) 1986 (D) 1987

**(B)** हाल ही में रेलवे सुरक्षा बल ने अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर जग जीवन राम RPF अकादमी, लखनऊ में परेड आयोजित की गई। यह पहली बार है कि नई दिल्ली के बाहर RPF की राष्ट्रीय स्तर की परेड का आयोजन किया गया। रेलवे की संपति की सुरक्षा करने के लिए 1957 में संसद के एक अधिनियम द्वारा RPF का गठन किया गया था।

